| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## HALF-YEARLY EXAMINATION 2019-20

## HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code:MWHN305

CLASS: V

Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

18.09.2019

**प्रश्न 1** निम्नलिखित वाक्यों को किसने-किससे कहा- 1x2=2

1. "अब तुम बड़े हो गए हो।पता नहीं मैं और कितने दिन और इस दुनिया में रहूँगा।"
2. "मेरे पास कपड़े का एक सुंदर टुकड़ा है।"

**प्रश्न 2** निम्नलिखित वाक्यों को पठित पाठ के आधार पर सही और गलत पहचानकर लिखिए। 1x3=3

क. अच्छे बस्ते के लिए चॉकलेट इनाम में दी गई ।

ख. रोहित को व्यापार करना अच्छा नहीं लगता था।

ग. रोहित एक शरारती लड़का था।

**प्रश्न 3** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए। 1x3=3

(क) रोहित ............पैसे कमाना चाहता था। 1 चोरी से 2 मेहनत से 3 बेईमानी से

(ख) एक ............ज़मीन पर पड़ी थी। 1. लड़की 2. स्त्री 3. रोटी

(ग) फलों की लदी डालियाँ हमें ............सिखाती हैं। 1. शीश झुकाना 2. रोना 3. खेलना

**प्रश्न 4** निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। 1x4=4

(क) फूल (ख) हिमालय (ग) पुस्तक (घ) शतरंज

**प्रश्न 5** निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए। 1x4=4

(क) पल्लवी कपड़ा देखकर _ _ _ _ _ से तालियाँ बजाने लगी।

(ख) वह खाली _ _ _ _अपने पिता के पास लौटना नहीं चाहता था।

(ग) जब उसकी शिक्षा समाप्त हुई ,तो वह _ _ _ _ _हो गया।

(घ) सहसा पल्लवी की _ _ _ _बस्ते पर पड़ी।

**प्रश्न6** नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए । 1x8=8

(क) लता (ख) दीपक (ग) प्राणी (घ) सत्य
(ङ) वर्षा (च) कोमल (छ) नित (ज) पृथ्वी

**प्रश्न 7** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। 2x5=10

(क) हमें हँसना किससे सीखना चाहिए ?
(ख) अंत में किसका बस्ता सबसे अच्छा मान लिया गया ?
(ग) पल्लवी की बात सुनकर माँ ने उसे क्या दिखाया?
(घ) दीपक क्या काम करता है ?
(ङ) व्यापारी ने अपने बेटे को हर बार कितने -कितने सोने के सिक्के दिए ?

**प्रश्न 8** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । **(only 3)** 2x3=6

(क) रोहित ने इनाम में जीते हुए धन का क्या किया?
(ख) सबसे अच्छा बस्ता' शीर्षक कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
(ग) प्रकृति से हमें क्या सीखना चाहिए ?
(घ) 'पढ़ाई-लिखाई का महत्व' शीर्षक कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**प्रश्न 9** (क) निम्नलिखित वाक्यों में से चार संज्ञा शब्दों को पहचानकर लिखिए। 2

**(i)** भीम ने जलेबी खाई।
**(ii)** भारत में बहुत हरियाली है।

(ख) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।

(i) कुरसी **(ii)** कलम 1x2=2

**प्रश्न 10** (क) निम्नलिखित वाक्यों में से छह सर्वनाम शब्दों को पहचानकर लिखिए। 1x 3=3

**(i)** वह आज हमारे घर आया था।
**(ii)** कल उसने क्या खाया था ?
**(iii)** मैंने और मेरे भाई ने गृहकार्य पूरा कर लिया है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए। 1x3=3

**(i)** ________ रोज़ घूमने जाता हूँ।
**(ii)** राजा ने _________ इनाम दिया।
**(iii)** आपका _________ नाम है?

**प्रश्न 11** (क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए। 1x3=3

**(i)** छात्र **(ii)** पिता **(iii)** नौकर

**(ख)निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।** 1x3=3

(i) **मोर** बाग में नाच रहा है।

(ii) वह मेरा **सखा** है ।

(iii) यह **लड़का** पाँचवी कक्षा में पढ़ता है।

**प्रश्न 12 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** 1x5=5

**(क) एक (ख) दिन (ग)सफल (घ) बाहर (ङ) लाभ**

**प्रश्न 13 (क) निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए।** 1x2=2

**(i) वह कविता लिख रही है।**

**(ii) हम सलाला जा रहे हैं।**

**(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी भाषा में अनुवाद कीजिए।** 1x2=2

**(i) Meena is sleeping .**

**(ii) My brother is dancing.**

**प्रश्न 14 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

अमन के घर के सामने एक बगीचा है।वह बड़ा और सुंदर है।उसमें बहुत सारे पेड़-पौधे और रंग-बिरंगे फूल लगे हैं ।उस बगीचे में बहुत सारे झूले भी लगे हैं अमन और उसका भाई रोज़ शाम को उस बगीचे में घूमने जाते हैं।उसे वहाँ उसके कई मित्र भी मिलते हैं।उसे बगीचे में सैर करना बहुत अच्छा लगता है।बगीचे की हरी घास हमारी आँखों को ठंडक और ताज़गी देती है।सैर करना हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है।बगीचे की सैर हमारे लिए हर तरह से उपयोगी होती है इसलिए हमें रोज़ बगीचे की सैर करनी चाहिए।

प्रश्न (क) अमन और उसका भाई रोज़ शाम को कहाँ जाते हैं ? **1**

प्रश्न (ख) बगीचे की हरी घास हमारी आँखों को क्या देती है ? **1**

प्रश्न (ग) हमें रोज़ क्या करना चाहिए ? **1**

प्रश्न (घ) अमन को बगीचे में कौन मिलते हैं ? **1**

प्रश्न (ङ) ऊपरलिखित गद्यांश में से 'छोटा' और 'बुरा' शब्दों के विलोम ढूँढकर लिखिए। **½+½**

**प्रश्न 15 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 50-60 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

(क) मेरा देश भारत (ख) मेरी पाठशाला (ग) पेड़ हमारे मित्र

End of the question paper.